भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †200
सोमवार, 25 नवम्बर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में स्वदेश दर्शन योजना 2.0

†200. श्री नवसकनी के.:
श्री जी. सेल्वम:
श्री सी. एन. अन्नादुरई:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) शुरू करने का लक्ष्य और उद्देश्य क्या है;

(ख) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) के अंतर्गत विकास के लिए तमिलनाडु राज्य के शहरों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उपर्युक्त योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को विशेष रूप से प्रदत्त निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार तमिलनाडु राज्य में भी प्रसाद योजना लागू कर रही है और यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित स्थलों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जाने वाले अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए देश में स्थायी और सुरक्षित पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में 'मामल्लापुरम' और 'द नीलगिरी' को चिह्नित किया है और राज्य में 30.02 करोड़ रु. की लागत से 'इमर्सिव एक्सपीरियंस एट शोर टेम्पल' परियोजना को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य

सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को सम्पूरित करता है। प्रशाद योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्न प्रकार हैः

राज्य	**क्र.सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
तमिलनाडु	1	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
	2	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए 29 नए स्थलों को चिह्नित किया है, जिसमें तमिलनाडु राज्य में '8 स्थानों पर स्थित नवगृह मंदिर' शामिल हैं, जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार हैः

i. श्री कैलासनाथर मंदिर, थिन्गालूर, जिला तंजावुर
ii. गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, जिला तंजावुर
iii. श्री नागनथार मंदिर, थिरुनागेश्वरम, जिला तंजावुर
iv. श्री सूर्यनार मंदिर, थिरुविदाईमारुथुर, सूर्यनार कोविल, जिला तंजावुर
v. श्री अग्निश्वरर मंदिर, कंजानूर, जिला तंजावुर
vi. श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीश्वरन कोविल, जिला मयिलादुथुराई
vii. श्री नागनाथ स्वामी मंदिर, कीलापेरुमपल्लम, जिला मयिलादुथुराई
viii. सुवेथारण्यश्वर मंदिर, थिरुवेंकाडु, जिला मयिलादुथुराई

पर्यटन मंत्रालय अपने जारी प्रयासों के रूप में संवर्धनात्मक गतिविधियों, कार्यक्रमों, वेबसाइट, सोशल मीडिया द्वारा प्रचार आदि के माध्यम से तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

*****